साइंस फेस्टिवल में जानें विज्ञान की बारीकियां

बेंगलूर। आईटी सिटी बेंगलूर के बच्चों के लिए 30 अगस्त से विज्ञान विषय मुश्किल विषय नहीं रह जाएगा क्योंकि यहां पर अगले 10 दिनों तक भारतीय ग्रुप और डिस्कवरी किड्स की तरफ से एडिनबर्ग इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। आठ सितंबर तक यहां भारतीय सिटी में चलने वाले इस साइंस फेस्टिवल के दौरान बच्चों के दिल से विज्ञान विषय का डर खत्म कर उन्हें मस्ती और मजे के साथ इसे सीखने का मौका दिया जाएगा। साथ ही बच्चों के नए आइडियाज को भी बेहतर तरीके से लोगों के सामने लाया जाएगा। भारतीय सिटी में पहली बार आयोजित होने वाला यह 26वां एडिनबर्ग इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल को लेकर भारतीय सिटी के चेयरमैन स्नेहदीप अग्रवाल काफी आशावान हैं और उन्हें उम्मीद है कि स्कूली बच्चों के लिए यह फेस्टिवल काफी फायदेमंद साबित होगा।

इस साइंस फेस्टिवल के तहत भारतीय सिटी ने एक खास रणनीतिक पहल की है। गुरुवार को हुई एक पत्रकार वार्ता में ग्रुप के चेयरमैन स्नेहदीप अग्रवाल के साथ इस फेस्टिवल के निदेशक और सीईओ डॉक्टर सिमोन गेज, भारत में ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त इयान फेल्टन मौजूद थे। उम्मीद की जा रही है कि इस फेस्टिवल में करीब 50 हजार दर्शक आएंगे जिनमें स्कूली बच्चों के अलावा उनके अभिभावक भी शामिल होंगे। इस इवेंट को भारतीय सिटी और डिस्कवरी किड्स के अलावा कुछ अन्य कंपनियां और ब्रिटिश कौंसिल की मदद से आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि एडिनबर्ग साइंस फेस्टिवल पिछले 25 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है लेकिन भारत में यह पहला मौका है कि इस फेस्टिवल को यहां के बच्चों के लिए लाया गया है। इस समारोह के तहत जहां भारतीय सिटी को एक सांस्कृतिक सिटी के रूप में पेश करने का मौका मिलेगा, वहीं बच्चों को भी कई तरह की नई तकनीक देखने और उन्हें परखने की सुविधा मिलेगी। इस फेस्टिवल के तहत लगभग 15 तरह की वर्कशॉप्स आयोजित होंगी। इसके अलावा कई तरह के लाइव शो और प्रदर्शनियां भी बच्चों का दिल जीतने के लिए आयोजित की जाएंगी। वहीं हर उम्र के बच्चों के लिए कई तरह के एक्सपीरियंस जोन बनाए गए हैं जो कि स्वास्थ्य, सौर ऊर्जा, एस्ट्रोनॉमी और गणित के अलावा कुछ और विषयों पर आधारित होंगे। आपको बता दें कि यह वही भरतीया सिटी है जिसने पिछले साल प्रसिद्ध रॉक बैंड गन्स एंड रोजेज के विश्व प्रसिद्ध सिंगर स्लेयर और सैंटाना को पहली बार भारत में परफॉर्म करने का मौका दिया था।

भारतीय ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन स्नेहदीप अग्रवाल ने इस फेस्टिवल के बारे में बताया, 'हमें 26वें एडिनबर्ग साइंस फेस्टिवल को आयोजित करते हुए काफी खुशी हो रही है। दुनिया का सबसे रोचक साइंस फेस्टिवल 25 साल के बाद भारत पहुंचा है। हमें पूरी उम्मीद है कि यह फेस्टिवल बच्चों में साइंस और टेक्नोलॉजी के लिए एक नई उत्सुकता जगा सकेगा।' उन्होंने बताया कि यह फेस्टिवल भारतीय सिटी को एक ऐसे स्थान के रूप में विकसित करने में मदद कर सकेगा जहां साइंस, कला और संस्कृति को पूरी वरीयता हासिल हो सकेगी। वहीं, फेस्टिवल के निदेशक सिमोन गेज का कहना था, 'भारत में पहला एडिनबर्ग साइंस फेस्टिवल आयोजित करने पर हमें काफी खुशी हो रही है और भरतीया ग्रुप के साथ इसका आयोजन हमारे लिए दोहरी खुशी का मौका है। 30 अगस्त से 8 सितंबर तक बेंगलूर के लोगों को कुछ बेहतरीन लाइव शो और वर्कशॉप्स में शामिल होने का मौका मिल सकेगा।'

वहीं, ब्रिटिश उप उच्चायुक्त इयान फेल्टन ने कहा, 'भारत एक ऐसा देश है जो कि कई मध्य और दक्षिण एशियाई देशों का नेतृत्व करता है और बेंगलूर तो विज्ञान और तकनीक का मुख्य केंद्र है। यूनाइटेड किंगडम भी दुनिया के उन अग्रणी देशों में शुमार है जहां पर शोध की कई संभावनाएं मौजूद हैं। इस लिहाज से मैं कह सकता हूं कि भारत और यूके दोनों ही विज्ञान के क्षेत्र में काफी पुराने साथी हैं।' फेल्टन ने भारतीय सिटी को एडिनबर्ग फेस्टिवल आयोजित करने की बधाई दी और उम्मीद जताई कि यह फेस्टिवल बेंगलूर के लोगों को दिल जीत सकेगा।

समय का रखें ध्यान

EDINBURGH INTERNATIONAL SCIENCE FESTIVAL
30 Aug – 8 Sep Bangalore

BHARTIYA CITY
bhartiyacity.com/eisf

इस साइंस फेस्टिवल में शामिल होने के लिए समय का खास ध्यान रखें। यह फेस्टिवल नीचे दिए गए समय के मुताबिक आयोजित किया जाएगा

सोमवार से शुक्रवार

स्कूलों के लिए

सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

जनता के लिए

शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक

शनिवार और रविवार

सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक